धर्मशाला। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर समाज कार्य विभाग ,उन्नत भारत अभियान, रेड क्रॉस सोसाइटी, रेड रिबन क्लब की ओर से पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इसी कार्यक्रम में समाज कार्य विभाग के छात्रों ने जागरूकता कार्यक्रम और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया । समाज कार्य विभागाध्यक्ष डॉ शशि पूनम एवं डॉ श्वेता शर्मा के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम किया गया । प्रो. आशुतोष प्रधान एवं डॉ शबाब अहमद इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। राजकीय माध्यमिक पाठशाला स्नोट में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।